BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 13 जून, 2024 **थाना स्याना**

हत्या के प्रयास की घटना का सफल अनावरण, घटना में संलिप्त 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 04.06.2024 को थाना स्याना क्षेत्रान्तर्गत कस्बा स्याना के पास पीतम पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम बैराफिरोजपुर थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर घायल अवस्था में मिले थे जिनका अज्ञात अभियुक्तों द्वारा गला रेता दिया गया था, जिसको उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्याना पर मुअसं- 238/24 धारा 307 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के क्रम में थाना स्याना पुलिस द्वारा जांच/छानबीन में बैराफिरोजपुर निवासी अनिल, रवि व राजू के नाम प्रकाश में आये। आज दिनांक 13-06-2024 को थाना स्याना पुलिस द्वारा तीनों अभियुक्तों को ग्राम बैराफिरोजपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध चाकू को बरामद किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना स्याना पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- अनिल पुत्र सुवीश निवासी ग्राम बैराफिरोजपुर थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर।

2- रवि पुत्र वीर सिंह निवासी उपरोक्त।

3- राजू पुत्र रामकिशोर निवासी उपरोक्त।

बरामदगी-

1- 01 अवैध चाकू (घटना में प्रयुक्त)

अभियुक्त अनिल ने पूछताछ पर बताया गया कि पीतम उपरोक्त के पिता महेन्द्र द्वारा वर्ष-2023 में पैसो के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में उसके भाई संजय की हत्या कर दी गयी थी जिसके संबंध में थाना स्याना पर मुअसं- 40/23 धारा 302 भादवि पंजीकृत है तथा अभियुक्त महेन्द्र जेल में है। अनिल अपने भाई की मौत का बदला लेना चाहता था तथा पीतम से रंजिश मानता था। दिनांक 04.06.2024 को अनिल द्वारा अपने दो साथियों रवि व राजू को अपने साथ मिलाकर योजनानुसार पहले पीतम को कस्बा स्याना के एक बाग में शराब पिलायी तथा जब वह बेसुध हो गया तब रवि व राजू उपरोक्त ने पीतम के हाथ पैर पकड़े तथा अनिल ने पीतम का गला रेत दिया। पीतम को मृत मानकर तीनो वहां से फरार हो गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना स्याना
2. उ0नि0 सुखपाल सिंह, उ0नि0 रामेश्वर दयाल शर्मा, उ0नि0 साहिल प्रताप सिंह
3. है0का0 विजेन्द्र, है0का0 अवनीश कुमार, का0 नरेन्द्र, का0 रुप सिंह, का0 सुरेन्द्र

मीडिया सेल बुलंदशहर